(b) and (c) There is no proposal under Government's consideration to increase the present rates of commissions and incentives.

(d) The present incentives and commissions are considered adequate.

"न्यू बोम्बे" के लिए काल करने हेतु मुम्बई के उपभोक्ताओं द्वारा एस०टी०डी० का उपयोग

2918. **डा० बापू कालदाते:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मुम्बई में टेलीफोन उपभोक्ताओं को "न्यू बोम्बे" के लिए टेलीफोन काल करने के लिए एस०टी०डी० सेवाओं के उपयोग की आवश्यकता पड़ती है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार "न्यू बाम्बे" टेलीफोन्स को मुम्बई टेलीफोन्स में सम्मिलित करने का विचार रखती है?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू): इस समय बम्बई तथा न्यू बंबई एक दूसरे के साथ लिंकनंबरिंग स्कीम के जरिए जुड़े हुए हैं और दोनों स्थानों के बीच काल करने के प्रभार न्यूनतम एस०टी०डी० दरों पर प्रभारित किए जाते हैं। इन क्षेत्रों को एक स्थानीय क्षेत्र में लाए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

आग्रेय पेनल प्रतिवेदन का कार्यान्वयन

2919. **डा० बापू कालदाते:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने आग्रेय पेनल प्रतिवेदन को लागू करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त पेनल के प्रतिवेदन में कौन-कौन से महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये हैं; और

(ग) सरकार जिस सुझाव को लागू करने का विचार रखती है, उसका ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू):

(क) आयेत्र समिति की रिपोर्ट सरकार के विचाराधीन है।

(ख) आयेत्र समिति के अधिकांश सदस्यों ने देश में दूरसंचार सेवाओं के प्रबंध के लिए एक निगमित ढांचे की सिफारिश की है जो कि एक नियंत्रक कंपनी के रूप में होगी और जिसके चार क्षेत्रीय प्रचालन निगम कार्यालय तथा एक संयोजक निगम कार्यालय होगा।

(ग) उपर्युक्त भाग (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

तार घरों का आधुनिकीकरण और उनका खोला जाना

2920. **श्री ईशदत्त यादव:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार नये तार घर खोलने और विद्यमान तार घरों को आधुनिक बनाने का प्रयास कर रही है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश के संबंध में इस दिशा में क्या कदम उठाये हैं;

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश में कितने तार घर खोले जाने की सम्भावना है; और

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश में आधुनिकीकरण के लिए कितने तार घरों को चुना गया है और ऐसे तार घरों का ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू): (क) जी हां।

(ख) सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि 1985-90 के दौरान उत्तर प्रदेश, राज्य में इस संबंध में उपलब्धियां इस प्रकार रहीं:—

— 718 स्थानों पर नए तारघर खोले गए।

— 18 तारघरों का दर्जा बढ़ाया गया।

— लखनऊ और वाराणसी में स्टोर तथा फारवर्ड टेलीग्राफ प्रणालियां चालू की गई।

— नेटवर्क में इलेक्ट्रानिक टेलीप्रिंटर शामिल किए गए।

— 8 केन्द्रों पर फैक्स सुविधाएं प्रदान की गई।

(ग) 100 (एक सौ तार घर)

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना प्रस्तावों में लखनऊ, इलाहाबाद, देहरादून, बरेली, कानपुर, आगरा और वाराणसी में स्टोर तथा फारवर्ड संदेश स्विचन प्रणालियां चालू करना शामिल है। इसके अतिरिक्त सभी तारघरों में मोर्स प्रणाली के स्थान पर संकेंद्रक सहित 550 इलेक्ट्रानिक की-बोर्ड संयोजन संस्थापित किए जाएंगे। योजना में पी०सी० पर आधारित फारमेटिड टर्मिनलों तथा